# प्रेस नोट

**पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में दिनांकः- 25.08.2023 को जनपद में अपराधियों के विरूद्ध व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरणः-**

- थाना भोगनुपर पुलिस द्वारा अभियुक्त  अजय कुमार पुत्र स्व0 रामसिंह निवासी हनुमान मन्दिर के पास पुखरायां थाना भोगनीपुर कानपुर देहात को वादी की पुत्री उपासना को सिलबट्टे से उसके सिर पर मारकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त नत्थू पुत्र स्व0 बाबू सिंह निवासी ग्राम महेरा थाना भोगनीपुर कानपुर देहात के कब्जे से नाजायज 17 अदद क्वार्टर टिवन टावर ब्राण्ड अवैध शराब बरामद कर गिरफ्तार कर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना रुरा पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त साबिर पुत्र मोहम्मद अली नि0 गहौलिया थाना रुरा कानपुर देहात को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त प्रदीप सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह नि0 जरौली फेस-2 थाना गुजैनी कानपुर नगर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- जनपद मे शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 16 व्यक्तियों का चालान धारा 151 द0प्र0सं0 में किया गया। जिसमें थाना डेरापुर पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियों, थाना गजनेर पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना बरौर पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा 05 व्यक्तियों, का धारा 151 द0प्र0सं0 के अन्तर्गत चालान किया ।